दिन– शुक्रवार | दिनांक– 16 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जो कुछ भी हुआ वो सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब जब भी सही समय आयेगा हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे।

02. राज्य सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवान के निकटतम आश्रितों को पचास लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्णय लिया।

03. पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी आज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के छह जिलों में महिलाओं के लिए पिंक बस का परिचालन शुरू।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जो कुछ भी हुआ वो सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब जब भी सही समय आयेगा हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे। रक्षा मंत्री ने गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की वायु रक्षा प्रणालियों की ताकत और सटीकता को देख लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी वायुसेना पाकिस्तान के हर कोने में पहुंचने में सक्षम है और ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित भी हो चुका है।

———बाइट———

साथियों ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमने शांति के लिए जितना अपना दिल खोल कर रखा है शांति को नष्ट करने वालों की विरुद्ध उतना ही अपना हाथ भी खोल कर रखा है एक और बात में यहां साफ कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जो कुछ भी हुआ वो सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब जब भी सही समय आयेगा हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिया है और भारत की सैन्य शक्ति तथा तैयारियों को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है।

———बाइट———

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने जो प्रभावी भूमिका निभाई है उसकी सराहना इस देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में भी हो रही है। आप के इस ऑपरेशन में न केवल दुश्मनों को डोमिनेट किया है आपने बल्कि उन्हें डेसीमेट करने में भी कामयाबी हासिल की है। आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए इस अभियान को नेतृत्व हमारी एयरफोर्स ने ही किया और हमारी एयरफोर्स एक ऐसी स्काई फोर्स है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊचाइयों को भी छू लिया है।

---

देश भर के एक सौ पच्चीस से अधिक शीर्ष व्यवसायियों ने यात्रा और पर्यटन सहित तुर्किए तथा अजरबैजान के साथ विभिन्न व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों के सभी रूपों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। यह निर्णय आज नई दिल्ली में ऑल इंडिया ट्रेडर्स संघ– सीएआईटी द्वारा बुलाए गए एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया। ऑल इंडिया ट्रेडर्स संघ ने एक बयान में कहा है कि यह प्रस्ताव तुर्किए और अजरबैजान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के उन हमलों को समर्थन देने के खिलाफ आया है, जिनमें भारत एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर खतरे का सामना कर रहा है। इस बीच, कई प्रमुख भारतीय विश्वविद्यालयों ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्की संस्थानों के साथ अपने शैक्षणिक समझौते को रद्द कर दिया है। एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

दिल्ली में, जामिया मिलिया इस्लामिया ने तुर्किए की सरकार से संबद्ध संस्थानों के साथ सभी समझौतों को तत्काल रद्द करने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में विश्वविद्यालय ने बताया कि वह देश के साथ मजबूती से खड़ा है। हैदराबाद में मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ने भी हाल की घटनाओं के बाद तुर्किए में यूनुस एमरे संस्थान के साथ अपने अकादमिक समझौते को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। ये निर्णय पाकिस्तान के प्रति तुर्किये द्वार प्रबल समर्थन किये जाने तथा आतंकी ठिकानों पर भारत के हाल की कार्रवाई की आलोचना के परिणामस्वरूप आए हैं। प्रमुख रणनीतिक और रक्षा मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ तुर्किए के गठबंधन के कारण भारत में इसके उत्पादों और पर्यटन के बहिष्कार की भी मांग उठने लगी है। समाचार कक्ष से प्रियंका अरोडा।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रृंखला शुरु की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———रिपोर्ट———

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के निवासी कैप्टन मनोज कुमार पांडेय ने राष्ट्र रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया और उन्हें फर्स्ट बटेलियन ग्यारहवीं गोरखा राइफल्स में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त किया गया। कैप्टन पांडेय ने ऑपरेशन विजय के दौरान हमेशा आगे बढ़कर अपने सैनिकों का नेतृत्व किया और जुबरटॉप जैसी कई चोटियों पर दोबारा कब्जा किया। उनके शब्द अगर मेरे खून का सबूत देने से पहले मौत आती है, तो मैं कसम खाता हूं कि मैं मौत को मार डालुंगा। उनके अटूट दृढ़ संकल्प और साहस की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति थी। दो और तीन जुलाई 1999 की रात को खालुवाल की ओर बढ़ने के दौरान जब उनकी पलटन अपने अंतिम लक्ष्य के करीब पहुंची तो इसको आसपास की ऊंचाईयों से भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा। कैप्टन पांडेय ने निडरता से दुश्मन के ठिकाने पर हमला किया और अपनी गंभीर चोटों की परवाह किये बिना उन्होंने अपने जवानों को प्रेरित करते हुए हमने का नेतृत्व करना जारी रखा। कैप्टन पांडेय की इस अनोखी साहसिक कार्य के परिणामस्वरूप अंततरू

खालुवाल पर कब्जा कर लिया गया। हालांकि वो अपनी चोटों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए। कैप्टन मनोज कुमार पांडेय ने दुश्मन के सामने बहादुरी, अदम्य साहस, अनुकरणीय वीरता, उत्कृष्ट नेतृत्व और असाधारण उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा दिखाई और सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हें मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राज्य सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवान के निकटतम आश्रितों को पचास लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि बैठक में कुल उनहत्तर प्रस्तावों को स्वीकृति मिली।

———बाइट———

---

चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी की अध्यक्षता में आज पटना में हुई बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी कुंदन कृष्णन, पुलिस महानिरीक्षक और जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चुनाव आयुक्त ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विस्तृत विचार–विमर्श किया। निर्वाचन आयुक्त कल मोतिहारी में फर्स्ट लेवल चेकिंग का निरीक्षण करेंगे और बेतिया में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रविवार को वे एसएसबी, वाल्मीकि नगर में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में संस्कृत के विद्वान स्वामी रामभद्राचार्य को वर्ष– दो हजार तेईस का अंठावनवां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। स्वामी रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू कवि तथा गीतकार गुलज़ार को दो हजार तेईस के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने दोनों साहित्यकारों को बधाई दी।

---

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने संसद में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दरभंगा यात्रा को राजनीति से प्रेरित बताया

है। श्री सिंह ने आज नई दिल्ली में आरोप लगाया कि आरक्षण विरोधी कांग्रेस पार्टी आज जाति आधारित जनगणना का श्रेय लेने के लिए पेरशान है।

———बाइट———

---

राजधानी पटना सहित प्रदेश के छह जिलों में महिलाओं को समर्पित पिंक बस सेवा आज से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और परिवहन मंत्री शीला मंडल ने पटना स्थित एक अणे मार्ग से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले चरण में बीस बसों का परिचालन शुरू किया गया है। इनमें से आठ बसों का परिचालन पटना में, चार का मुजफ्फरपुर में और दो–दो बसों का परिचालन भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णियां में नगर बस सेवा के तहत किया जायेगा। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने बताया कि पिंक बसों के परिचालन से महिलाओं को यात्रा में काफी आसानी होगी।

———बाइट———

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मधेपुरा सदर अस्पताल परिसर में चौंतीस करोड़ सैंतालीस लाख की लागत से बने मॉडल अस्पताल भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उदाकिशुनगंज में पांच करोड़ पचहत्तर लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव और सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामत भी मौजूद थे। श्री पांडेय ने कहा कि सदर अस्पताल में पंद्रह जून से मरीजों को सभी सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। इधर, स्वास्थ्य मंत्री ने अररिया जिला में ग्यारह करोड़ छप्पन लाख की लागत से सत्ताईस प्री–फेब स्वास्थ्य उप केन्द्र व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और एक करोड़ पैंसठ लाख की लागत से ड्रग वेयर हाउस की आधारशिला रखी।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। वातावरण में नमी का मात्रा बढ़ जाने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया

गया। वहीं, गया का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव सात और बिक्रमगंज का इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार मॉनसून पूर्व की गतिविधियों के कारण अगले कुछ दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

———बाइट———

---

बोधगया के स्लीपिंग बुद्धा टेम्पल से एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह पिछले पंद्रह दिनों से बौद्ध भिक्षु के रूप में रह रहा था। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान पवन कांति बरूआ के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के ईमामी जिला के जुनूमा छड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि वह अवैध दस्तावेज की मदद से एक महीने पहले भारत में घुसा था। पुलिस ने गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक को जेल भेज दिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जो कुछ भी हुआ वो सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब जब भी सही समय आयेगा हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे।

02. राज्य सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवान के निकटतम आश्रितों को पचास लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्णय लिया।

03. पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी आज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के छह जिलों में महिलाओं के लिए पिंक बस का परिचालन शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।